सांवरिया सब ठीक करो हमे खाटू धाम को आना है

सांवरिया सब ठीक करो हमे खाटू धाम को आना है
मंदिर के पट खोलो बाबा मने तेरा दर्शन पाना है ,
सांवरिया सब ठीक करो हमे खाटू धाम को आना है

कहा गए ग्यारस के मेले अद्भुत नजारे होते थे,
तेरा दर्शन पाने को यहा भक्त हजारो होते थे ,
तेरी त्रेहा सीडी चड के फिर से भजन सुना न है
सांवरिया सब ठीक करो हमे खाटू धाम को आना है

कुछ तो गलत हुआ है हम से जिस से हम सब शामिल थे,
हर कोई मुह छुपाये फिरता लगता हम इस काबिल थे ,
जो भी गलती हुई है बाबा उसको आज बुलाना है,
सांवरिया सब ठीक करो हमे खाटू धाम को आना है

ये तो हमने कभी न सोचा ऐसा वक़्त भी आएगा,
दिल तरसे गा दर्शन को पर दर्शन न हो पायेगा,
तेरी चोकठ चूम के हम को दिल का हाल सुनाना है,
सांवरिया सब ठीक करो हमे खाटू धाम को आना है

खाटू धाम की वो गलियां हम को आज बुलाती है ,
ग्यारस के कीर्तन की यादे हम को बड़ा रुलाती है ,
क्यों चुप बेठे अब तो बोलो कब हमे खाटू आना है
सांवरिया सब ठीक करो हमे खाटू धाम को आना है

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/16220/title/sanwariyan-sab-theek-karo-hume-khatu-dhaam-ko-aana-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |